# चम्पारण ज्ञानाग्रह

## प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 26 फ़रवरी 2026, अंक –225.

## प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

## सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"सफल व्यक्ति वही है जो हर हाल में प्रयास करता है।"
— नेल्सन मंडेला



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Friday Prayer

मुझे इस दुनिया में लाया, मुझे बोलना चलना सिखाया
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुझे पाया।

मैं जब से जग में आया, बन तब से शीतल छाया,
कभी सहलाया गोदी में, कभी कांधे पर है बिठाया।
मेरे सिर पर हाथ रख कर, बस प्यार ही प्यार लुटाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मैं उठाकर सर चल पाऊ, इस लायक तुमने किया है।
कहीं हाथ नहीं फैलाऊ, मुझे इतना तुमने दिया है।
मुझे जग की रीत सिखाई, मुझे धर्म का पाठ पढ़ाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मां-बाप की आंखों से मैं, आंसू बनकर ना गीरूगा।
मां बाप का दिल जो दुखा दे, मैं ऐसा कुछ ना करूंगा।
मां बाप के रूप में मैंने, भगवान को जैसे पाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ....

जब देव भी मात पिता के, उपकार चुका ना पाए।
नागोड़ा दरबार प्रदीप, किन शब्दों में गुण गाए।
मैं फर्ज निभा पाऊं तो, समझूंगा अश चुकाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन .....

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।


संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।




# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह —
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: केरल राज्य का नाम परिवर्तित कर नया नाम क्या रखा गया है?
उत्तर:केरलम
प्रश्न 2: 1 हेक्टेयर में कितने वर्ग मीटर होते हैं?
उत्तर:10,000 वर्ग मीटर
प्रश्न 3: बिहार में 'वैशाली' प्राचीन काल में किस गणराज्य की राजधानी थी?
उत्तर:लिच्छवि गणराज्य
प्रश्न 4: इंदिरा गांधी वन्यजीव अभयारण्य (पहले अन्नामलाई वन्यजीव अभयारण्य) किस राज्य में स्थित है?
उत्तर:तमिलनाडु
प्रश्न 5: लेजर (LASER) की खोज किसने की?
उत्तर:थियोडोर मेमन (1960)
प्रश्न 6: भारत का मुख्य न्यायाधीश (CJI) कितनी आयु तक पद पर रह सकता है?
उत्तर:65 वर्ष की आयु तक
प्रश्न 7: कौन सा स्तनधारी जानवर अंडे देता है?
उत्तर:प्लैटिपस (डक-बिल्ड प्लैटिपस) और एकिडना
प्रश्न 8: भारत के राष्ट्रीय गान "जन गण मन" की अवधि (समय) कितनी है?
उत्तर:52 सेकंड
प्रश्न 9: भारत के राष्ट्रीय गीत "वन्दे मातरम " की अवधि (समय) कितनी है?
उत्तर:310 सेकंड
प्रश्न 10: इज़रायल की राजधानी कहाँ है?
उत्तर:यरुशलम

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Sell (सेल) – बेचना
Sold (सोल्ड) – बेचा
Sold (सोल्ड) – बेचा गया

Send (सेंड) – भेजना
Sent (सेंट) – भेजा
Sent (सेंट) – भेजा गया

Sleep (स्लीप) – सोना
Slept (स्लेप्ट) – सोया
Slept (स्लेप्ट) – सोया गया / सोया हुआ


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

थीम: At the Playground (खेल के मैदान में)

चलो दौड़ लगाएँ। – Let us run.
गेंद मुझे दो। – Give me the ball.
मैं जीत गया/गई! – I won!
बहुत अच्छा खेला। – Well played.


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 26 फरवरी 2019 को भारत ने कौन-सा महत्वपूर्ण सैन्य अभियान संचालित किया था? (समसामयिक इतिहास)
उत्तर: बालाकोट हवाई हमला
व्याख्या:26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बालाकोट क्षेत्र में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों पर हवाई हमला किया। यह कार्रवाई 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी। इस अभियान में भारतीय वायुसेना के मिराज-2000 विमानों का उपयोग किया गया। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में नियंत्रण रेखा पार कर की गई एक महत्वपूर्ण वायु कार्रवाई थी।
संदर्भ: भारत सरकार रक्षा मंत्रालय प्रेस विज्ञप्ति (फरवरी 2019); विश्वसनीय समाचार अभिलेख।

2. हाल ही में (फरवरी 2026) किस भारतीय संस्थान ने 'हरित हाइड्रोजन' उत्पादन की नई तकनीक विकसित की है? (समसामयिकी)
उत्तर: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) खड़गपुर
व्याख्या: फरवरी 2026 के अंतिम सप्ताह में IIT खड़गपुर के वैज्ञानिकों ने 'हरित हाइड्रोजन' उत्पादन की एक नई लागत-प्रभावी तकनीक विकसित की है। इस तकनीक में सौर ऊर्जा का उपयोग कर जल का इलेक्ट्रोलिसिस किया जाता है, जिससे हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन प्राप्त होते हैं। यह तकनीक पारंपरिक विधियों की तुलना में 30% अधिक दक्ष एवं कम लागत वाली है। यह भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
संदर्भ: IIT खड़गपुर प्रेस विज्ञप्ति, फरवरी 2026; पीआईबी।

3. "माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ" पुस्तक किस भाषा में मूल रूप से लिखी गई थी? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: गुजराती
व्याख्या: महात्मा गांधी की आत्मकथा "माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ" मूल रूप से गुजराती भाषा में "सत्यना प्रयोगो" नाम से लिखी गई थी। इसे उन्होंने 1925-1929 के दौरान 'नवजीवन' पत्रिका में धारावाहिक रूप से प्रकाशित किया था। बाद में इसका अंग्रेजी अनुवाद उनके सचिव महादेव देसाई ने किया। यह पुस्तक गांधीजी के जीवन के विभिन्न प्रयोगों एवं सत्य की खोज की यात्रा का दस्तावेज है। इसे विश्व साहित्य की महानतम आत्मकथाओं में से एक माना जाता है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 8 इतिहास, अध्याय 8 (राष्ट्रीय आंदोलन का संगठन)।

4. 'ग्रीनहाउस प्रभाव' क्या है और यह जलवायु परिवर्तन से कैसे संबंधित है? (पर्यावरण)
उत्तर: यह वह प्रक्रिया है जिसमें वायुमंडल में उपस्थित गैसें सूर्य की गर्मी को रोक लेती हैं, जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ता है
व्याख्या: ग्रीनहाउस प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसमें पृथ्वी के वायुमंडल में उपस्थित कुछ गैसें (कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, जलवाष्प, नाइट्रस ऑक्साइड) सूर्य से आने वाली ऊष्मा को अवशोषित कर पुनः विकिरित करती हैं, जिससे पृथ्वी का तापमान जीवन के लिए अनुकूल बना रहता है। लेकिन मानवीय गतिविधियों (जीवाश्म ईंधन दहन, वनोन्मूलन) के कारण इन गैसों की सांद्रता बढ़ गई है, जिससे अतिरिक्त गर्मी रुक रही है और पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। इसी को जलवायु परिवर्तन या वैश्विक तापन कहते हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 7 भूगोल, अध्याय 4 (वायु)।

5. वह कौन सा मौर्य शासक था जिसने पाटलिपुत्र को अपनी राजधानी बनाया? (इतिहास)
उत्तर: चंद्रगुप्त मौर्य
व्याख्या: मौर्य वंश के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य (लगभग 321-297 ईसा पूर्व) ने पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) को अपनी राजधानी बनाया। उसने नंद वंश को पराजित कर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की और पाटलिपुत्र को एक भव्य नगर के रूप में विकसित किया। उसके प्रधानमंत्री चाणक्य (कौटिल्य) ने 'अर्थशास्त्र' की रचना की। चंद्रगुप्त के शासनकाल में मौर्य साम्राज्य उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान तक फैल गया था। उसने यूनानी शासक सेल्यूकस को पराजित किया और उससे विवाह संबंध स्थापित किए।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 7 (अशोक: एक अनोखा सम्राट)।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. 'अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह' किस जल निकाय में स्थित है? (भूगोल)
उत्तर: बंगाल की खाड़ी
व्याख्या: अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है, जो बंगाल की खाड़ी में स्थित है। यह लगभग 572 द्वीपों का समूह है, जिनमें से केवल 38 द्वीपों पर मानव आबादी है। इसकी राजधानी पोर्ट ब्लेयर है। यह द्वीप समूह भारत के सबसे नजदीकी देश म्यांमार एवं इंडोनेशिया से घिरा है। यह क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है और यहाँ के मूल निवासी जनजातियाँ (सेन्टीनलीज, जारवा) विश्व की सबसे पृथक जनजातियों में से हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत - आकार एवं स्थिति)।

7. संविधान के किस अनुच्छेद में 'नागरिकता' के अधिग्रहण एवं समाप्ति का प्रावधान है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 5 से 11
व्याख्या: भारतीय संविधान के भाग II में अनुच्छेद 5 से 11 तक नागरिकता के प्रावधान हैं। ये अनुच्छेद संविधान के प्रारंभ (26 जनवरी 1950) पर नागरिकता निर्धारित करते हैं। अनुच्छेद 5 संविधान के प्रारंभ पर नागरिकता, अनुच्छेद 6 पाकिस्तान से भारत आए व्यक्तियों की नागरिकता, अनुच्छेद 7 पाकिस्तान प्रवासियों की नागरिकता, अनुच्छेद 8 भारत के बाहर रहने वाले भारतीय मूल के व्यक्तियों की नागरिकता से संबंधित हैं। अनुच्छेद 9 स्वेच्छा से विदेशी राज्य की नागरिकता ग्रहण करने पर नागरिकता समाप्ति का प्रावधान करता है। अनुच्छेद 10 नागरिकता के बने रहने और अनुच्छेद 11 नागरिकता से संबंधित कानून बनाने की संसद की शक्ति का प्रावधान करता है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 1 (संविधान: क्यों और कैसे)।

8. 'यूरिया' उर्वरक में कौन सा पोषक तत्व मुख्य रूप से पाया जाता है? (विज्ञान)
उत्तर: नाइट्रोजन
व्याख्या: यूरिया एक प्रमुख नाइट्रोजन उर्वरक है, जिसमें लगभग 46% नाइट्रोजन पाया जाता है। यह सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले उर्वरकों में से एक है। इसका रासायनिक सूत्र $NH_2-CO-NH_2$ है। नाइट्रोजन पौधों की वृद्धि के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है, जो तने एवं पत्तियों के विकास में सहायक होता है। यूरिया का निर्माण अमोनिया ($NH_3$) एवं कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) से उच्च तापमान एवं दाब पर किया जाता है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 8 विज्ञान, अध्याय 1 (फसल उत्पादन एवं प्रबंधन)।

9. 'कर्नाटक' का प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य कौन सा है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: कुचिपुड़ी (कर्नाटक का नहीं, आंध्र प्रदेश का है) - सही उत्तर: यक्षगान
व्याख्या: यक्षगान कर्नाटक का एक प्रसिद्ध पारंपरिक नृत्य-नाटक है। यह नृत्य शैली कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में विशेष रूप से प्रचलित है। इसमें पौराणिक कथाओं एवं लोककथाओं को नृत्य, संगीत एवं संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। इस नृत्य शैली की विशेषता है - भव्य वेशभूषा, आकर्षक मुखौटे एवं तेज लय। यह नृत्य पुरुषों द्वारा किया जाता है, जो स्त्री चरित्रों का भी अभिनय करते हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 9 (क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण)।

10. बिहार के किस जिले में प्रसिद्ध 'जैन मंदिर' (पावापुरी) स्थित है? (बिहार सामान्य ज्ञान)
उत्तर: नालंदा
व्याख्या: पावापुरी (जिसे अपापुरी भी कहा जाता है) बिहार के नालंदा जिले में स्थित एक प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल है। यहाँ भगवान महावीर (24वें तीर्थंकर) को मोक्ष (निर्वाण) प्राप्त हुआ था। यहाँ का प्रसिद्ध जल मंदिर (जल मंदिर) अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर एक बड़े जलाशय के बीच में स्थित है और यहाँ केवल एक संकरे मार्ग से पहुँचा जा सकता है। यह स्थल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है।
संदर्भ: बिहार पर्यटन विभाग; नालंदा जिला गजेटियर।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (चतुर्थ शनिवार) के निर्धारित टॉपिक के अनुसार, 'वायु प्रदूषण' के स्तर को मापने वाले यंत्र 'एयर क्वालिटी मॉनिटर' के बारे में बताएं। (विद्यालय सुरक्षा)

उत्तर: यह यंत्र वायु में PM2.5, PM10, $CO_2$, $SO_2$, $NO_2$ की मात्रा मापता है

व्याख्या: बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (BSDMA) कैलेंडर के अनुसार, फरवरी माह के चतुर्थ शनिवार को "जलवायु परिवर्तन" विषय के अंतर्गत वायु प्रदूषण पर जानकारी दी जाती है। एयर क्वालिटी मॉनिटर एक ऐसा यंत्र है जो वायु की गुणवत्ता को मापता है। यह निम्नलिखित प्रदूषकों की मात्रा मापता है:
(1) PM2.5 - सूक्ष्म कण जो 2.5 माइक्रोमीटर से छोटे होते हैं, (2) PM10 - 10 माइक्रोमीटर से छोटे कण (3) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), (4) सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$), (5) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$) (6) कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), (7) ओजोन ($O_3$), इन मापदंडों के आधार पर एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) की गणना की जाती है, जो 0 से 500 के पैमाने पर वायु की गुणवत्ता को अच्छे से लेकर गंभीर

12. निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला को पूरा करें: A, C, F, J, O, ? (मानसिक योग्यता - क्रमबद्धता)

उत्तर: U

व्याख्या: इस श्रृंखला में प्रत्येक अक्षर के बीच का अंतर क्रमशः बढ़ता जा रहा है:
· A से C: +2, · C से F: +3, . F से J: +4, . J से O: +5, · O से ?: +6
O (15वाँ अक्षर) + 6 = 21वाँ अक्षर = U, अतः श्रृंखला का अगला अक्षर U होगा।
यह एक सामान्य अक्षर श्रृंखला पैटर्न है जो प्रतियोगी परीक्षाओं में अक्सर पूछा जाता है।
संदर्भ: प्रतियोगी परीक्षा रीजनिंग (आर.एस. अग्रवाल)।

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण।



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

**Attempt (अटेम्प्ट) = Try (ट्राय) = प्रयास करना**
    **Antonym – Quit (क्विट) = छोड़ देना**
**Generous (जेनरस) = Kind & giving (उदार)**
    **Antonym – Selfish (सेल्फिश) = स्वार्थी**
**Essential (एसेंशियल) = Necessary (ज़रूरी)**
    **Antonym – Unnecessary (अननेसेसरी) = गैर-ज़रूरी**
**Victory (विक्ट्री) = Win (जीत)**
    **Antonym – Defeat (डिफीट) = हार**
**Visible (विज़िबल) = Can be seen (दिखाई देने वाला)**
    **Antonym – Invisible (इनविज़िबल) = अदृश्य**



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

Union Ministry of Education and NCERT launch 'Vidya-Vigyan 2.0' to integrate AI-driven personalized learning in rural schools. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और NCERT ने ग्रामीण स्कूलों में AI-संचालित व्यक्तिगत शिक्षण को एकीकृत करने के लिए 'विद्या-विज्ञान 2.0' लॉन्च किया।

ISRO successfully conducts the flight test of the locally developed Semi-Cryogenic Engine at Mahendragiri, Tamil Nadu. इसरो ने तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में स्थानीय रूप से विकसित सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का सफल उड़ान परीक्षण किया।

Government of India institutes the 'National Innovation Award in Education' to honor excellence in pedagogical research. भारत सरकार ने शिक्षण अनुसंधान में उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए 'राष्ट्रीय शिक्षा नवाचार पुरस्कार' की स्थापना की।

## INTERNATIONAL NEWS

UNESCO designates 2026 as the 'International Year of Digital Literacy' to bridge the global educational divide. यूनेस्को ने वैश्विक शैक्षिक अंतर को पाटने के लिए वर्ष 2026 को 'अंतरराष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता वर्ष' घोषित किया।

India and France sign a landmark MoU for collaborative research in Deep Ocean Mission and Marine Biology. भारत और फ्रांस ने डीप ओशन मिशन और समुद्री जीव विज्ञान में सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

The World Health Organization (WHO) announces the 'Global Health Resilience Fund' to combat emerging viral threats. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने उभरते वायरल खतरों से निपटने के लिए 'ग्लोबल हेल्थ रेजिलिएंस फंड' की घोषणा की।

## BIHAR NEWS

**SCERT Bihar introduces 'Nipun Bihar Digital Portal' to monitor real-time foundational literacy and numeracy progress. SCERT बिहार ने बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता की वास्तविक समय की प्रगति की निगरानी के लिए 'निपुण बिहार डिजिटल पोर्टल' पेश किया।**

**Bihar Government approves the establishment of a State-of-the-Art 'Climate Change Research Centre' in Patna. बिहार सरकार ने पटना में एक अत्याधुनिक 'जलवायु परिवर्तन अनुसंधान केंद्र' की स्थापना को मंजूरी दी।**

## SPORTS NEWS

**India secures the top spot in the ICC Test Rankings following a decisive series win against Australia. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक श्रृंखला जीत के बाद भारत ने ICC टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।**

**The Ministry of Youth Affairs and Sports expands the 'Khelo India' scholarship to include indigenous sports researchers. युवा मामले और खेल मंत्रालय ने 'खेलो इंडिया' छात्रवृत्ति का विस्तार किया ताकि स्वदेशी खेल शोधकर्ताओं को शामिल किया जा सके।**




**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**


**✍️संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक प्रसंग

# “छोटी आदत, बड़ा परिवर्तन”

विद्यालय में वार्षिक परीक्षा निकट थी। कक्षा के अधिकांश विद्यार्थी तनाव में थे। कुछ बच्चे समय पर पढ़ाई करते थे, तो कुछ आख़िरी दिनों में सब याद करने की कोशिश करते थे।

उसी कक्षा में आदित्य नाम का एक छात्र था। वह कोई असाधारण प्रतिभाशाली नहीं था, पर उसकी एक आदत थी—नियमितता। वह रोज़ थोड़ा-थोड़ा पढ़ता, समय पर स्कूल आता और गृहकार्य पूरा करता। उसके मित्र अक्सर कहते,

“इतनी मेहनत क्यों करता है? अभी तो बहुत समय है।”

लेकिन आदित्य मुस्कुराकर कहता,

“छोटी-छोटी आदतें ही बड़ा परिणाम देती हैं।”

परीक्षा का समय आया। जिन छात्रों ने टालमटोल की थी, वे घबराए हुए थे। आदित्य शांत था। उसने बिना तनाव के प्रश्नपत्र हल किया।

परिणाम आया तो आदित्य प्रथम नहीं था, पर उसके अंक अच्छे थे और वह आत्मविश्वास से भरा हुआ था। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह थी कि वह तनावमुक्त था।

उसके शिक्षक ने कक्षा में बच्चों से कहा,

“सफलता अचानक नहीं मिलती। वह रोज़ के छोटे प्रयासों से बनती है। अनुशासन ही असली प्रतिभा है।”

उस दिन कई छात्रों ने निश्चय किया कि वे भी नियमितता और जिम्मेदारी अपनाएँगे।

**सीख :**

बड़ी सफलता किसी एक दिन की मेहनत से नहीं,
बल्कि रोज़ निभाई गई छोटी जिम्मेदारियों से मिलती है।
छोटी अच्छी आदतें ही जीवन में बड़ा परिवर्तन लाती हैं। 🌱



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "विज्ञान शिक्षण कैसे करें?"

26.02.2026

विज्ञान अवधारणा आधारित एक ऐसा विषय है जो छात्रों में जिज्ञासा उत्पन्न करता है। इस विषय में प्रयोग से ज्ञान अर्जित करने को ही उचित माना गया है अर्थात इस विषय में कर के सीखने की परंपरा से ही आगे बढ़ना बेहतर होता है। छात्रों में जिज्ञासा उत्पन्न करने हेतु हम शिक्षकों को छात्रों से प्रश्न पूछने एवं विज्ञान से संबंधित अवधारणाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है।

जब भी कोई नया पाठ आरंभ करें तो सबसे पहले छात्रों से पूर्व ज्ञान के वैसे प्रश्न पूछे जिससे छात्र आसानी से पाठ पर पहुंच जाएं। अवधारणा की जानकारी तक पहुंचने के पूर्व उससे आधारित विभिन्न तरह के प्रयोग वर्ग कक्ष में या विज्ञान कक्ष में करें साथ ही छात्रों को भी खुद से करने का अवसर प्रदान करें। प्रयोग आधारित शिक्षण में बहुत महंगे उपकरणों को शामिल करने से बचना चाहिए। हमारा प्रयास स्थानीय सामग्री के उपयोग आधारित प्रयोग पर अधिक होना चाहिए। प्रयोग छोटे-छोटे एवं सरल होना आवश्यक है इससे छात्रों की रुचि प्रयोग में बनी रहती है। अवलोकन के बिंदु एवं प्रयोग से प्राप्त परिणामों को शिक्षक श्याम पट पर एवं छात्रों को अपने नोट बुक में अंकित करना चाहिए। प्रयोग समाप्ति के उपरांत अवलोकन के बिंदु के आधार पर छात्रों को विश्लेषण हेतु प्रेरित करना चाहिए। विश्लेषण में हम शिक्षकों को छात्रों को मार्गदर्शन इस तरह से प्रदान करना चाहिए कि छात्र खुद ही निष्कर्ष पर पहुंचे। पाठ शुरू करने से पहले उससे संबंधित शिक्षण अधिगम सामग्री, चार्ट, मॉडल, चित्र, मानचित्र, ग्लोब आदि की व्यवस्था शिक्षक को स्वयं से या छात्रों के माध्यम से करनी चाहिए एवं कक्षा में उसका प्रयोग सुनिश्चित करना चाहिए। विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को ध्यान में रखकर एक विज्ञान कक्ष या विज्ञान कोना या छोटा विज्ञान प्रयोगशाला बनाना चाहिए। इससे विज्ञान शिक्षण के प्रति छात्रों के दृष्टिकोण में फर्क आता है। इसके अतिरिक्त परियोजना आधारित सीखना (पीबीएल ) अन्तर्गत छात्रों को संबंधित विषय एवं अवधारणा पर परियोजना कार्य देना चाहिए या विभिन्न तरह का मॉडल जैसे सौर मंडल, जल चक्र, वायु चक्र आदि बनवाना चाहिए। इस प्रकार के गतिविधि आधारित शिक्षण से विज्ञान शिक्षण प्रभावी होता है। विद्यालय में इस पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित कर छात्रों को पुरस्कृत भी किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त विद्यालय में विज्ञान विषय पर छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित किया जा सकता है। विज्ञान शिक्षण को व्यवहारिक बनाने के लिए स्थानीय वातावरण से जोड़कर छात्रों को विज्ञान की शिक्षा देनी चाहिए तथा विज्ञान की विभिन्न अवधारणाओं को छात्रों के दैनिक जीवन से जोड़कर कर स्पष्ट करना चाहिए। यदि विद्यालय में कम्प्यूटर या प्रोजेक्टर उपलब्ध हो तो उसके माध्यम से छात्रों को छोटे-छोटे विज्ञान विषय का वीडियो दिखाकर समझाया जाना चाहिए। इसके लिए विभागीय एवं अन्य पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है।

विज्ञान विषय में मूल्यांकन कार्य भी अन्य विषयों से थोड़ा अलग हटकर किया जाना चाहिए। इसमें मौखिक प्रश्न, प्रयोग करवाकर अवलोकन, चित्र बनवाकर जाँच, छोटे छोटे प्रोजेक्ट देकर अगर मूल्यांकन किया जायेगा तो छात्रों की समझ की सही परख हो पायेगी।

हम पाते हैं कि विज्ञान शिक्षण के लिए शिक्षक को कक्षा में पूरी तैयारी के साथ जाने की आवश्यकता है अन्यथा छात्र अवधारणा के प्रति सही स्पष्टता प्रदर्शित नहीं कर पायेंगे। शिक्षक की पाठ योजना में इन सभी तथ्यों का समावेशन होना पहले से ही करने की आवश्यकता होगी। जोसंभावित प्रश्न हो उनकी सूची पूर्व से तैयार रहनी चाहिए। साथ ही अवधारणा एवं परिभाषा में आने वाले कठिन शब्दों को सरल भाषा में समझाने की कला में भी शिक्षक की निपुणता आवश्यक है। विज्ञान शिक्षण के लिए पहले कुछ दिखाइए फिर छात्रों के सोचने की परिस्थिति उत्पन्न कीजिए। जब छात्र सोचने लगे तब उनसे अवधारणा से जुड़े कुछ प्रश्न कीजिए। उनको उस अवधारणा से संबंधित कुछ कार्य करने को दीजिए और खुद से उन्हें ज्ञान सृजन करने दीजिए।पूरी प्रक्रिया में शिक्षक मार्गदर्शक के रूप रहकर छात्रों के लिए सीखने के अवसर का सृजन करेंगे। यदि हम शिक्षक विज्ञान शिक्षण के लिए इस प्रक्रिया को अपनायें तो एक प्रभावी विज्ञान शिक्षण में सक्षम हो सकेंगे। तो आईए हम अपने विद्यालय में प्रभावी विज्ञान शिक्षण करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ायें।

..................✍️

मनोज कुमार झा

प्रधानाध्यापक

राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय

बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

अनुभाग-9

# "मेरा विद्यालय मेरी प्रतिष्ठा"

## रा.प्रा.वि. चम्पापुर, बगहा- 2, (अति.)




















**अजय कुमार**

**प्रधान शिक्षक (BPSC)**

**रा.प्रा.वि. चम्पापुर,**

**बगहा -2, प. चम्पारण।**



**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**



**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

**'प्रधान शिक्षक'**

**Govt. PS बोदसर,**

**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**(10010803702)**

**📱-9939671700**

अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org